







# चुनरी यात्राएं, रात्रि जागरण व गरबा महोत्सव का चल रहा सिलसिला

## खास बातें

- शारदीय नवरात्रि में हो रहे अनेक कार्यक्रम
- देवी मंदिरों व झांकियों में उमड़ रही भीड़

नवभारत न्यूज

**विदिशा 28 सितम्बर, मां भगवती की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र इन दिनों चरम पर है. देवी मंदिरों में प्रतिदिन सुबह शाम जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है वही झांकियों में भी प्रतिदिन शाम के समय भव्य आरतियों का दौर चल रहा जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं. इसी तरह जिला मुख्यालय के साथ ही जिले भर में माता रानी को चुनरी चढ़ाने का सिलसिला चल रहा है, जिसके चलते भव्य चुनरी यात्रायें निकाली जा रहीं हैं, जिसमें बड़ी संख्या में महिलायें भाग ले रहीं हैं.**

### 251 फीट चुनरी के स्वागत में झूम उठा आनंदपुर

धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से सराबोर आनंदपुर नगर रविवार को उस समय खास दृश्य का साक्षी बना. जब 251 फीट लंबी चुनरी यात्रा धूमधाम से निकाली गई. नेहा चौरसिया ने बताया की प्रति वर्ष नवरात्रि के समय चुनरी यात्रा चौरसिया मोहल्ला के हनुमान मंदिर से प्रारंभ की जाती है और आनंदपुर नगर के संपूर्ण मार्गों से होते हुए पूरे नगर में यह चुनरी यात्रा निकाली जाती है.राजबाला बघेल ने बताया कि नवरात्रि के माह में यह 251 फिट लंबी विशाल चुनरी यात्रा में काफी श्रद्धालु उपस्थित होते हैं और माता के जयकारे लगाते हुए गांव के प्रत्येक गली मोहल्ले से यह यात्रा गुजराती है जिसमें सभी धर्म जाति के लोग सम्मिलित होते हैं और पूरी श्रद्धा भाव के साथ यह यात्रा बिजासन माता मंदिर तक जाती है.बिजासन माता मंदिर पर माता की भजन पूजन की जाते हैं और ढोल की धुन में श्रद्धालु नाचने गाने लगते हैं इस प्रकार का श्रद्धा भाव ग्रामीण में देखकर बड़ी प्रसन्नता होती है.

विदिशा शहर के दुर्गानगर मंदिर, लोहांगी पहाड़ी सहित कई देवी मंदिरों में चुनरियां चढ़ाई जा चुकी हैं आगे भी यह सिलसिला चल रहा है.इसी तरह झांकियों में देवी मां की उपासना के तहत रात्रि जागरण के कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं और प्रतिदिन झांकियों को देखने शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी पहुंच रहे हैं. जबकि कई ग्रुपों द्वारा गरबा महोत्सव कराये जा रहे हैं इनमें भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और माता रानी की भक्ति में लोग सरोबोर हैं.

### ऐरन में स्थापित हुई माता की प्रतिमा

सांची क्षेत्र के ग्राम ऐरन के खेडापति मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा माता की प्रतिमा खंडित कर दी गई थी, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया था.इस घटना पर शिवसेना ने भी विरोध जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी.प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही का भरोसा दिलाया और ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि शीघ्र नई प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी.

आज थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने अपने आश्वासन के अनुरूप नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर पहुंचकर विधिविधान से पूजा-अर्चना करवाई और माता की नई प्रतिमा स्थापित करवाई.इस अवसर पर प्रसादी वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया.गांव में प्रतिमा स्थापना के बाद खुशी का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने थाना प्रभारी त्रिपाठी के इस प्रयास की सराहना की.शिवसेना जिला अध्यक्ष मोनू जैन ने भी पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया.इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रतिमा स्थापित होने पर थाना प्रभारी श्री त्रिपाठी का फूल मालाओं से सम्मान किया.

## माता रानी को भेंट की गई चुनरी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रविवार को नवरात्रि पर्व के अवसर पर जतरापुरा मंदिर से कांच मंदिर तक चुनरी यात्रा निकाली गई. इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं अपने हाथों में चुनरी लिए हुए भजन गाते हुए चल रही थीं.इसी दौरान जगह-जगह लोगों ने चुनरी यात्रा का पुष्प वर्षा का स्वागत किया. इस दौरान सिद्धेश्वरी माता को चुनरी भेंट की गई.रविवार को जतरापुरा के लोगों द्वारा विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा जतरापुरा मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्यमार्ग से होते हुए माधवगंज कांच मंदिर सिद्धेश्वरी माता को चुनरी भेंट की गई। चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे अपने हाथों में चुनरी को पकड़े हुए चल रहे थे। आगे-आगे डीजे की धुन पर युवा नाचते गाते हुए चल रहे थे। चुनरी यात्रा रामलीला चौराहा बजरिया होते हुए बड़ा बाजार, तिलक चौक होते हुए माधवगंज में माता मंदिर पहुंची, यहां पर लोगों ने मां शारदा को अपनी आस्था की चुनरी चढ़ाई। इस दौरान लोगों ने चुनरी यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया और चुनरी यात्रा में शामिल लोगों के लिए जल की व्यवस्था की। इस दौरान कई समाजसेवियों ने चुनरी यात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाया.




## इनर व्हील क्लब वंडर्स ने ने किया दंत परीक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** इनर व्हील क्लब विदिशा वंडर्स द्वारा ज्योति दर्पण स्कूल में दंत परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के दो चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया.क्लब की ओर से सभी विद्यार्थियों को ब्रश एवं टूथपेस्ट वितरित किए गए.साथ ही इनर व्हील एसोसिएशन क्लब द्वारा प्रकाशित मेरी किताब भी बच्चों को भेंट की गई.कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रितु गोयल, आईएसओ तिस्ता दत्ता तथा सदस्य सोनाली बोस उपस्थित रहीं. क्लब की ओर से दोनों चिकित्सकों का सम्मान उपहार प्रदान कर किया गया.

## उदयपुर में निकला राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2 अक्टूबर को विजयदशमी को अपने 100 वर्ष में प्रवेश करने वाला है. जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक मंडल केंद्र पर संघ पथ संचलन निकालने वाला है. इसी क्रम में आज उदयपुर ग्राम की सड़को पर कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र भक्ति गीतों की धुन पर स्वयं सेवक नीलकंठ मंदिर प्रांगण से उदयपुर के मुख्य मार्ग से एवं गांव के अंदर से अनुशासन में निकले.**

इस कार्यकम में में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य गुरुदेव 108 श्री परसराम दास जी महाराज एवं मुड़रीधाम, पूज्य गुरुदेव 108 श्री रामदास जी महाराज मंच पर उपस्थित रहे.संघ के प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख त्रिवेश लोधी का उद्बोधन हुआ. उन्होंने बताया कि जिस प्रकार विजयदशमी पर रावण का दहन हुआ था बुराई पर अच्छाई की विजय हुई थी. इस प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हमेशा देश प्रेम राष्ट्र भाव से काम करते हैं चाहे देश प्रेम की बात हो या सेवा का भाव हो हर क्षेत्र में संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहते हैं.



## युवा सनाढ्य ब्राह्मण परिषद की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** युवा सनाढ्य ब्राह्मण परिषद कि बैठक वैशाली नगर स्थित एक क्लिनिक में हुयी. जिसमें युवा वर्ग ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने सामाजिक सेवा नवीन आजीवन सदस्यों एवं दिवाली मिलन समारोह मनाने पर जोर दिया साथ ही सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प भी लिया.इसमें उपस्थित अध्यक्ष रूपेश तिवारी,सचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ गौरव शर्मा,कार्यकारीसदस्य देवराज शर्मा, गौतम शर्मा,जतिन शर्मा, सोहित शर्मा,मोहित शर्मा, देवेंद्र शर्मा,विजय चौबे और कुलदीप शर्मा, मोहित दुबे आदि उपस्थित रहे.

## अधिवेशन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

### अखिल भारतवर्षीय सर्वोदय महिला परिषद का हुआ अधिवेशन



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज स्थित जिनोदय तीर्थक्षेत्र में अखिल भारतवर्षीय सर्वोदय महिला परिषद का अधिवेशन आयोजित किया गया. इस अवसर पर बीना, बासौदा, राजपुर, दिव्य देशना महिला परिषद सिरोंज तथा सर्वोदय महिला परिषद की महिलाओं ने विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर सारगर्भित प्रस्तुतिकरण दिया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. आशा जैन, मंजू जैन एवं सुगंधि जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं. अधिवेशन का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ. जिसकी प्रस्तुति सर्वोदय महिला परिषद शालू जैन, स्वाति जैन एवं कामिनी जैन ने दी. कार्यक्रम का संचालन गरिमा जैन, आशी जैन एवं रीना सिंघई ने किया. इस आयोजन की पहल संभागीय अध्यक्ष इंदिरा जैन सिरोंज के प्रयासों से संभव हो सकी. अधिवेशन में अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गई. जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. अंत में संभागीय सचिव शशि जैन द्वारा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए. वही अधिवेशन के माध्यम से महिला परिषदों ने समाज सुधार, शिक्षा, संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर प्रभावी विचार साझा किए और आगे भी सेवा व सहयोग की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया.

## परम पूज्य महंत जी को नम आंखों से दी विदाई

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** नगर के प्राचीन मंदिर श्री रामलला सरकार के महंत श्री श्री 1008 बालकदास जी महाराज रविवार को ब्रह्मलीन हो गये. इस मौके पर उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनसैलाब दिखाई दिया. समाज के सभी वर्गों के लोग ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर परम पूज्य महंत जी को नम आंखों से विदाई दी. इस मौके पर व्यापारियों ने बाजार बंद रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की.



जानकारी के अनुसार श्री रामलला सरकार के महंत श्री श्री 1008 बालकदास जी महाराज के रविवार को देहावसान की जानकारी मिलने पर शहर में चारों ओर शोक की लहर छा गई. उनके अंतिम दर्शनों के लिए समाज के सभी वर्गों के बड़ी संख्या में लोग श्री रामलला मंदिर पहुंचे. वहीं दोपहर में श्री रामलला मंदिर से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई. जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. इस दौरान महंत जी को उनके भक्त डोले में बिठाकर भजन, कीर्तन करते हुए एवं रामधुन गाते हुए लेकर गए. उनकी अंतिम यात्रा श्री रामलला सरकार से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई लटेरी रोड लक्ष्मण जी मंदिर के पास स्थित ब्रह्म घाट पहुंची. जहां पर श्री रामलला सरकार सेवा समिति के सदस्यों द्वारा विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान शहर के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर शहर के व्यापारियों ने बाजार बंद रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर श्री रामलला सरकार सेवा समिति के पदम ताम्रकार तथा चित्रेश सोनी ने बताया कि महंत श्री श्री 1008 बालकदास जी महाराज बाल ब्रह्मचारी रहे. बाल अवस्था से ही वह साधु संतों के सानिध्य में रहे. उनका त्यागी, बैरागी जीवन होने से साधु संतों ने उनको श्री बालक दास जी महाराज से विख्यात हुए. वही परम पूज्य श्री श्री सियाराम बाबा उनको श्री रामलला सरकार छोड़कर गए थे. जिसके बाद उन्होंने कई दशकों तक श्री रामलला सरकार की सेवा की. वहीं श्री रामलला सरकार में वह पूज्य महंत गुरु श्री रामस्वरूप दास जी महाराज के सानिध्य में रहे. बीते कुछ दिनों से वह अस्वस्थ चल रहे थे. वही रविवार को वह ब्रह्मलीन हो गए. उनकी आयु करीब 110 वर्ष बताई जाती है.

## संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल तीनों वर्गों में विजेता, विदिशा उपविजेता

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** साकेत एमजीएम स्कूल में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल ने बालक वर्ग के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया. विदिशा ने सभी वर्गों में उपविजेता स्थान प्राप्त किया.अंडर-14 वर्ग में रोमांचक मुकाबले खेले गए. राजगढ़ ने रायसेन को 18-2 से हराया, जबकि विदिशा ने सीहोर को 46-16 से पराजित किया। भोपाल ने राजगढ़ को 20-0 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया. निर्णायक मुकाबले में भोपाल और विदिशा आमने-सामने हुए, जहां कड़े संघर्ष के बाद भोपाल ने खिताब जीत लिया.विदिशा के खिलाड़ियों का खेल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। अंडर-17 वर्ग में सीहोर ने रायसेन को 25-14 से हराकर बढ़त बनाई। विदिशा ने राजगढ़ को 55-33 से मात दी। वहीं, भोपाल ने रायसेन को 54-6 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में भोपाल ने 28-18 से विदिशा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अंडर-19 वर्ग का मुकाबला भी उतना ही रोमांचक रहा. भोपाल ने सीहोर को 26-0 से हराकर जीत दर्ज की, जबकि विदिशा ने राजगढ़ पर 41-19 से जीत हासिल की। फाइनल में विदिशा ने शुरूआत में बढ़त बनाई, लेकिन आखिरी क्षणों में भोपाल ने वापसी करते हुए जीत दर्ज की. इस अवसर पर योगेश मालवीय,आशीष मोदी,प्रशांत रघुवंशी, आशीष करतारिया, कृष्ण कुमार शर्मा,देशराज रघुवंशी,संभू रैकवार,अमित शर्मा, जय भलावी, पंकज भार्गव उपस्थित रहे. रेफरी की भूमिका में शंभू रैकवार,अनुज रघुवंशी ,यशोवर्धन, गौतम कुर्मी रहे.

## आपस में चर्चा कर करें परेशानी दूर शिक्षक : तिवारी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार में जन शिक्षा केंद्र शासकीय कन्या उमा बि बासौदा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का मासिक शैक्षिक संवाद संपन्न हुआ.जिसमें जन शिक्षक प्रकाश दीक्षित ,चरण सिंह रघुवंशी, मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र सेन एवं श्रीमती तृप्ति ने कार्यशाला का संचालन किया.मास्टर ट्रेलर तृप्ति तिवारी ने शिक्षकों से संबाद करते हुए कहा कि शैक्षिक संवाद का मुख्य उद्देश्य शिक्षक आपस मे बैठकर एक दूसरे के अनुभव साझा कर शालाओं में आ रही परेशानी को आपस में चर्चा कर हल करें. शैक्षिक संवाद में उपस्थित शिक्षकों ने विषय वस्तु के अनुरूप आयोजन में बड़ी सजगता एवं उत्साह पूर्वक भाग लिया साथ ही सभी ने प्राथमिक शाला काला पठार का भ्रमण किया. शाला की उत्तम व्यवस्थाओं से अभिभूत होकर स्वयं की शालाओं को भी इसी तरह सुसज्जित करने का प्रण भी लिया और कालापठार के प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी से प्रभावित हुए बिना नही रह सके.शैक्षिक संवाद में आपसी संवाद एवं गतिविधियों के माध्यम से शैक्षिक संवाद संपन्न हुआ.

## अवैध शराब हुई जब्त

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** आबकारी विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही कर भारी मात्रा में शराब जब्त की.अनाज एवं पत्थर कारोबारी पर प्रकरण दर्ज किया. औद्योगिक क्षेत्र कंजना पठार कृषि उप उपज मंडी बरेठ रोड पर एक अनाज एवं पत्थर कारोबारी के दुकान कार्यालय में छापामार कार्यवाही कर बड़ी संख्या में शराब पेटियां जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सुदामा अग्रवाल एवं आशु अग्रवाल पर प्रकरण कायम करने की जानकारी मिली है. हालांकि अभी इसकी अधिकृत रूप से पुष्टि नहीं हुई है. क्योंकि आबकारी विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं.धारा 34 के तहत प्रकरण कायम होने की जानकारी मिली है.

## रोटरी क्लब ने किया कन्या पूजन एवं साइकिल वितरण

नवभारत न्यूज

**विदिशा, रोटरी क्लब आफ भेलसा विदिशा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बिटिया दिवस व नवरात्रि के महा पर्व के उपलक्ष में कन्या पूजन एवं साइकिल वितरण का कार्यक्रम,क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दिनेश रामानी व सचिव रोटेरियन नीरज तेनगुरिया ने शहर के मध्य स्थित देवी के बाग में आयोजित किया.**सर्व प्रथम 27 कन्याओं का विधिवत पूजन अर्चना कर तिलक लगाकर, ओढ़नी उढाकर, खीर, फलों से भोग लगाया व दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस सुअवसर पर रोटरी मंडल 3040 के रोटरी क्लब आफ भोपाल हिल्स से दो लेडिस साइकिल रोटरी क्लब भेलसा को प्राप्त हुई थीं जोकि आज दो बहुत ही जरुरतमंद मेधावी छात्राओं को जो करीब चार किलोमीटर पैदल चलकर प्रतिदिन विधालय आती जाती थी,उनकी आवश्यकता देखते हुए छात्रा अनोखी पंथी एवं पूर्वी राजपूत को निःशुल्क प्रदान कि गई,, रोटरी क्लब आफ भेलसा विदिशा पीड़ित मानवता कि सेवा मे सदा अग्रणी रहता है.इस अवसर पर अतिथि के रुप में सहायक मंडलाध्यक्ष रोटेरियन संजीव शर्मा एवं इमीजेट पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन राम बाबू शर्मा जी के साथ एम् जे एफ लायन व रोटेरियन राजकुमार सरार्फ, प्रिंस, रोटेरियन विजय सुंदरानी आदि उपस्थित थे.

निःशुल्क सेवा
- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से

## समस्या | सांडों की लड़ाई से बढ़ रहा खतरा

# नहीं थम रहा आवारा पशुओं का जमावड़ा

नवभारत न्यूज

**सांची,नगर की व्यस्ततम सड़कों और चौराहों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगातार परेशानी का कारण बना हुआ है.खासतौर पर सांडों की अधिक संख्या और उनकी आपसी लड़ाई से राहगीरों और दुकानदारों के लिए खतरा और बढ़ जाता है.बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन अब तक ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहा है.**

जानकार बताते हैं कि सांची विश्वविख्यात पर्यटन स्थल है, मगर यहां की अव्यवस्थित व्यवस्था नगर की छवि धूमिल कर रही है.आए दिन मुख्य सड़कों पर दौड़ते वाहन इन पशुओं की चपेट में आते हैं, जिससे दुर्घटनाएं और मौतें तक हो चुकी हैं.सरकार ने लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर गौशालाओं का निर्माण कराया है और पशुओं के आहार की व्यवस्था भी की है, लेकिन इसके बावजूद आवारा पशु सड़कों और बाजारों में घूमते रहते हैं.दुकानों व होटलों के सामने उनका जमावड़ा अब आम बात हो गई है.इन पशुओं की जान का खतरा तब और बढ जाता है जब वह खुले में पडी पौलिथिन निगलते दिखाई देते है .हाट-बाजार में तो यह स्थिति और भी विकट हो जाती है, जहां वे दुकानदारों और खरीददारों दोनों को परेशान करते हैं.लोगों का कहना है कि कई बार घटनाएं होने के बावजूद प्रशासन केवल औपचारिकता निभाता है.खासकर तब, जब किसी वीवीआईपी का काफिला गुजरना होता है, तभी पुलिस और नगर प्रशासन सड़क से पशुओं को हटाने में मशक्कत करता दिखाई देता है.

## खेल उत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों ने लिया खेलों का आनंद

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में केजी के छात्रों के लिये फन फेस्टा खेल उत्सव का आयोजन केजी प्रभारी सिस्टर जेसा जॉन के मार्गदर्शन में किया गया. जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का जमकर आनंद लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने किया. विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेंसी ने बताया गया कि फन फेस्टा का आयोजन बच्चो को परीक्षा तनाव से मुक्त रहने के लिये किया जा रहा है. विद्यार्थी अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन खेलो के माध्यम से बेहतर रूप से कर सकते है. कार्यक्रम में संस्था के पूर्व छात्रों एवं शिक्षकों के लिये विशेष डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया. शिक्षकों तथा पूर्व छात्रों की टीम ने रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी. डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनिल एवं टीम, द्वितीय स्थान गोपिका एवं टीम तथा तृतीय स्थान कल्पना शर्मा एवं टीम ने प्राप्त किया. पूर्व छात्र हर्षवर्धन एवं टीम को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया. कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में नृत्य अकादमी की संस्थापक प्रणति भार्गव एवं स्तुति जैन उपस्थित रही.

